रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 46] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 17, 1973 (कार्तिक 26, 1895)

No. 46] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 17, 1973 (KARTIKA 26, 1895)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस

(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 28 फरवरी 1973 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 28th February 1973 :—

अंक Issue	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject

—शून्य—

—Nil—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां, प्रकाशन नियन्त्रक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र नियन्त्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Controller of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	987
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1897
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1285
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	2167
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	3763
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	355
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	5885
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	599
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1923
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें	199
पूरक संख्या 46—	
10 नवम्बर 1973 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	1465
20 अक्टूबर 1973 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु-सम्बन्धी आंकड़े	1479

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notification relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	987
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1897
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence.	1285
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (Other than the Administrations of Union Territories	2167
PART II.—SECTION 3.—SUB.SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	3763
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence	355
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	5885
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta	599
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1923
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	199
SUPPLEMENT NO 44	
Weekly Epidemiological Reports for week ending 10 November 1973	1465
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 20th October 1973	1479

भाग I खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notification relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 7 नवम्बर, 1973

सं० 69-प्रेज/73—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा दल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री तारा सिंह,
कांस्टेबल सं० 67411060,
41वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री परगत सिंह,
कांस्टेबल सं० 66411467,
41वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

14 दिसम्बर, 1971 को जम्मू और कश्मीर में बुगिना बुल्गे के रिंग कंटूर में स्थित शत्रु की एक चौकी पर छापा मारने के लिए सीमा सुरक्षा दल के एक दल को तैनात किया गया । छापा मार दल प्रातः 4 बजे अपनी चौकी से चला और 11.30 बजे रिंग कंटूर की सीमा में पहुंचा । दल ने तीन बंकरों के निकट खाई में खड़े शत्रु के एक संतरी को गोला बारी में उलझा लिया । शत्रु ने अपने स्वचालित हथियारों तथा 2 इंच मार्टार से प्रत्याक्रमण किया और छापा मार दल पर ग्रिनेड फेंके ।

श्री तारा सिंह ने जो शत्रु दल से 50 गज की दूरी पर थे, अपनी 7.62 एम०एम० सेल्फ लोडिंग रायफल से शत्रु की हल्की मशीन गन को उलझाये रखा । यह अनुभव करते हुये कि शत्रु की हल्की मशीन गन की गोलाबारी उनके हथियार की अपेक्षा बहुत अधिक प्रभावी है, वे रेंगते हुये शत्रु की हल्की मशीन गन के बंकर की ओर गये और उन्होंने एक हथगोला फेंक कर शत्रु की हल्की मशीनगन को शान्त कर दिया । तत्पश्चात् श्री तारा सिंह दाईं ओर रेंगते हुये बढ़े, और देवदार के वृक्ष की आड़ में मोर्चा संभाला और इस प्रकार एक बार फिर शत्रु को उलझाया ताकि छापामार दल मिट्टी के एक टीले की आड़ ले सके ।

श्री परगत सिंह छापामार दल में हल्की मशीन गन चालक संख्या 1 के रूप में थे । जब छापामार दल ने शत्रु के बंकरों पर आक्रमण किया तो शत्रु की एक हल्की मशीन गन द्वारा एक लम्बाश (एनफीलेड) मोर्चे से छापामार दल पर गोलाबारी की जाने लगी तथा दल को आगे बढ़ने से रोक दिया गया । शत्रु की गोलाबारी की परवाह न करते हुये तथा अपने को भारी खतरे में डालकर श्री परगत सिंह लगभग दस गज तक रेंगते हुये आगे बढ़े और शत्रु की हल्की मशीन गन को उसके चालक सं० 1 को मारकर नष्ट कर दिया । इसके पश्चात् वे मोर्चे के दूसरे छोर की ओर बढ़े तथा शत्रु की मझौली मशीन गन का मुकाबला करने लगे । उन्होंने अपनी लगातार और सही गोलाबारी से शत्रु की मझौली मशीन गन को शान्त कर दिया । शत्रुओं को हताहत करने के पश्चात् छापामार दल वापिस लौटना चाहता था, किन्तु शत्रु की एक अन्य हल्की मशीन गन ने उन्हें ऐसा नहीं करने दिया । तब श्री परगत सिंह ने शत्रु की हल्की मशीन गन को उलझाये रखा जिससे छापामार दल टीले की ओर सुरक्षित लौट सके ।

कांस्टेबल श्री तारा सिंह और श्री परगत सिंह दोनों ने उपर्युक्त कार्यवाही में शत्रु पर आक्रमण करके उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन किया और अपनी साहसपूर्ण तथा दृढ़ कार्यवाही से शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाया ।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 14 दिसम्बर, 1971 से दिया जायगा ।

सं० 70-प्रेज/73—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री राजेन्द्र पाल सिंह,
पुलिस उप अधीक्षक,
8वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

21 अप्रैल, 1972 को श्री राजेन्द्र पाल सिंह को सूचना मिली कि अपने आप को विरोधी नागा कप्तान कहने वाला चारंग और उसके साथी, जो बढ़िया हथियारों से लैस हैं, मणिपुर के सदर पहाड़ी क्षेत्रों में तफोऊ गांव में पड़ाव डाले हुये हैं । विरोधी नागा चारंग ने अतीत में अनेक हिंसक अपराध किये थे । गांव तफोऊ एक छोटी पहाड़ी पर स्थित है जो तीन ओर से घने वनों से घिरा हुआ है । सावधानीपूर्वक टोह लेने के बाद श्री सिंह ने अत्यन्त कठिन भूभाग से अचानक आक्रमण करने का निश्चय किया । आक्रमण 22 अप्रैल 1972 की प्रातः को किया गया और जिस मकान में नागा ठहरे हुये

थे उसे घेर लिया गया। दरवाजा तोड़कर जब श्री सिंह ने झपटे में उस स्वयंभू कप्तान को दबोचा और उसकी रायफल छीन ली तो विरोधियों द्वारा जवाबी हमले में मौत का खतरा बिलकुल साकार था आरंग के दो साथियों को भी उसी मकान से, केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के कर्मचारियों द्वारा जो श्री राजेन्द्र पाल सिंह के साथ थे, गिरफ्तार कर लिया गया।

श्री राजेन्द्र पाल सिंह ने नागा विरोधियों का मुकाबला करने में उत्कृष्ट वीरता तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 22 अप्रैल, 1972 से दिया जाएगा।

अशोक मित्र, राष्ट्रपति के सचिव

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय
(पैट्रोलियम विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 अक्तूबर 1973

विषय :—बम्बई अपतट क्षेत्र में 12,948 वर्ग किलोमीटर के लिए पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की स्वीकृति

आदेश

सं० आई० एस०-12012/4/73—लेबर एण्ड लेजिस पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियमावली, 1959, के नियम 5 के उप-नियम (I) की धारा (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार एतद्द्वारा तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग, तेल भवन, देहरादून (अत्पश्चात आयोग कहा गया है) को बम्बई अपतट क्षेत्र में 12,948 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र, जिसका विवरण एतद्द्वावद्ध अनुसूची 'क' में दिया गया है, में प्रधान कार्य शुरू किए जाने की तारीख से चार वर्षों के लिए पैट्रोलियम की खोज के लिए एक पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की स्वीकृति देती है।

लाइसेंस की मंजूरी निम्नलिखित शर्तों पर दी गई है :—

(क) अन्वेषण लाइसेंस केवल पैट्रोलियम के लिए होगा।

(ख) अन्वेषण कार्य करते समय यदि कोई खनिज पदार्थ उपलब्ध हो जाए तो आयोग भारत सरकार को पूर्ण विवरण सहित उसकी सूचना देगा।

(ग) निम्नलिखित दरों के अनुसार रायल्टी ली जाएगी :—

(1) प्रतिटन 15/— रुपए अथवा ऐसी दर जो समय समय पर समस्त कच्चे तेल तथा केसिंग-हैड कान्डेन्सेट पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी।

(2) प्राकृतिक गैस के लिए, ऐसी दर पर जो केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाएगी।

रायल्टी प्रति मास बम्बई खजाने में जमा कराई जाएगी तथा मूल-चालान फार्म केन्द्रीय सरकार को भेजा जाएगा।

(घ) आयोग प्रत्येक महीने के पहले तीस दिनों के भीतर केन्द्रीय सरकार को एक पूर्ण तथा सही विवरण भेजेगा जिसमें लाइसेंस के अनुसार पिछले महीने में प्राप्त तभी कच्चे तेल, केसिंग हैड कन्डेन्सेट तथा प्राकृतिक गैस की मात्रा तथा सकल मूल्य का उल्लेख होगा। विवरण एतद्द्वावद्ध अनुसूची "ख" में दिए गए फार्म में दिया जाएगा।

(ङ) आयोग पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम-II में निर्धारित जमानत के रूप में छः हजार रुपए जमा करेगा।

(च) आयोग प्रत्येक वर्ष लाइसेंस के लिए लाइसेंस में उल्लिखित प्रत्येक किलो मीटर अथवा इसके किसी अंश के लिए निम्नलिखित दरों पर परिकलित शुल्क देगा :—

(1) लाइसेंस के पहले वर्ष के लिए 4 रुपए;
(2) लाइसेंस के दूसरे वर्ष के लिए 20 रुपए;
(3) लाइसेंस के तीसरे वर्ष के लिए 100 रुपए;
(4) लाइसेंस के चौथे वर्ष के लिए 200 रुपए; और
(5) नवीकरण के पहले तथा दूसरे वर्ष के लिए 300 रुपए।

(छ) आयोग अन्वेषण लाइसेंस में उल्लिखित क्षेत्र के किसी भाग को छोड़ देने का निर्णय लेने में स्वतन्त्र होगा और ऐसा करने के लिए उसे केन्द्रीय सरकार को लिखित रूप से नोटिस देना होगा जो दो महीनों की अवधि से कम नहीं होगा। जैसा कि पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैसनियम, 1959 के नियम II के उप-नियम (3) में अपेक्षित है।

(ज) मांग किए जाने पर आयोग केन्द्रीय सरकार को तेल तथा प्राकृतिक गैस के अन्वेषण के दौरान मिले सभी खनिजों के भूगर्भ विज्ञान संबंधी आंकड़ों की एक पूर्ण रिपोर्ट गोपनीय रूप से तुरन्त प्रस्तुत करेगा और केन्द्रीय सरकार को प्रत्येक छटे महीने समस्त परिचालन, बोरिंग तथा अन्वेषण कार्यों के परिणाम अवश्य प्रस्तुत करेगा।

(झ) आयोग समुद्र तल के नीचे या सतह पर आग के संकट का सामना करने के लिये अग्निशमक उपाय अपनायेगा और आग बुझाने के ऐसे उपकरण, सामग्री एवं साधन सदैव रखेगा और तीसरे पक्ष और अथवा सरकार को उतना मुआवजा देगा जितना आग के कारण हुई क्षति के बारे में निर्धारित किया जाये।

(ञ) लाइसेंस, तेल क्षेत्र (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 1948 (1948 का 53) तथा पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियमावली, 1959 में की गई व्यवस्थाओं के अन्तर्गत होगा।

(ट) आयोग, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित अपतट क्षेत्रों में लागू होने वाले फार्म में पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करेगा।

अनुसूची क

इस पैट्रोलियम अन्वेषण, लाइसेंस में उल्लिखित क्षेत्र बम्बई अपतट क्षेत्र में है और अक्षांश 18° 55' दक्षिण से 20° 15' उत्तर एवं रेखांश 70° 50' पश्चिम से 71° 55' पूर्व के बीच स्थित है तथा मानचित्र पर ए बी सी डी ई एफ जी एच आई जे कोण बिन्दुओं तथा ए को मिलाती हुई रेखा द्वारा अंकित है और क्षेत्रफल में 12,948 वर्ग किलो मीटर है। अक्षांश एवं रेखांश जिन पर क्षेत्र बिन्दु स्थित है तथा उन के बीच की दूरी इस प्रकार है :—

विकोण						दूरी किलो मीटरों में	
	अक्षांश		रेखांश				
	डिग्री	मिन		डिग्री	मिन		
बिन्दु ए स्थित है	18	55	एवं	71	00		
बिन्दु बी स्थित है	19	45	एवं	71	00	ऐ से बी	94–25
बिन्दु सी स्थित है	19	45	एवं	70	50	बी से सी	17–50
बिन्दु डी स्थित है	20	15	एवं	70	50	सी से डी	56–75
बिन्दु ई स्थित है	20	15	एवं	71	55	डी से ई	114–50
बिन्दु एफ स्थित है	19	55	एवं	71	55	ई से एफ	37–75
बिन्दु जी स्थित है	19	55	एवं	71	35	एफ से जी	35–00
बिन्दु एच स्थित है	19	30	एवं	71	35	जी से एच	47–50
बिन्दु आई स्थित है	19	30	एवं	71	45	एच से आई	17–50
बिन्दु जे स्थित है	18	55	एवं	71	45	आई से जे	66–00
बिन्दु ए स्थित है	18	55	एवं	71	00	जे से ए	79–75

नोट :—मानचित्रण में कम से कम सूचना दी गई है।

पैट्रोलियम अन्वेषण के इस लाइसेंस के अन्तर्गत आने वाला कुल क्षेत्र 12,948 वर्ग किलो मीटर है।

अनुसूची—'ख'

अशोधित तेल, केसिंग हैड कन्डेन्सेट तथा उत्पादित प्राकृतिक गैस और उनके मूल्य का मासिक विवरण।

बम्बई अपतट क्षेत्र के लिये पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस———————————

मास तथा वर्ष ———————————

क—अशोधित तेल

प्राप्त किलो लिटरों कुल संख्या	अनिवार्य रूप से हानि ग्रस्त अथवा प्राकृतिक कुंड को लौटाए गए किलो लिटरों की संख्या	पैट्रोलियम के खोज कार्य के प्रयोजन के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकृत किलो लिटरों की संख्या	कालम 2 तथा 3 में दी गई संख्या को घटाकर प्राप्त किलो लीटरों की संख्या	विशेष
1	2	3	4	5

ख—केसिंग हैड कन्डेन्सेट

प्राप्त किलो लिटरों की कुल संख्या	अनिवार्य रूप से हानि ग्रस्त अथवा प्राकृतिक कुंड को लौटाये गये किलो लिटरों की संख्या	पैट्रोलियम के खोज कार्य के प्रयोजन के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकृत किलो लिटरों की संख्या	कालम 2 तथा 3 में दी गई संख्या को घटाकर प्राप्त लिटरों की संख्या	विशेष
1	2	3	4	5

ग—प्राकृतिक

प्राप्त कुल घन मीटरों की संख्या	अनिवार्य रूप से हानि ग्रस्त अथवा प्राकृतिक कुंड को लौटाए गये घन मीटरों की संख्या	पट्रोलियम की खोज के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकृत घन मीटरों की संख्या	कालम 2 तथा 3 में दी गई संख्या को घटाकर प्राप्त घन संख्या	विशेष
1	2	3	4	5

मैं,———————————एतद्द्वारा दृढ़तापूर्वक तथा सद्भावना के साथ यह घोषणा करता हूं कि इस विवरण में दी गई प्रत्येक सूचना सत्य एवं सही है तथा कर्तव्यनिष्ठा से इसकी सत्यता में विश्वास करते हुये दृढ़तापूर्वक यह घोषणा करता हूं।

भारत के राष्ट्रपति के नाम से तथा उनके आदेश द्वारा।

हस्ताक्षर

बी० आर० भल्ला, अवर सचिव

कृषि मंत्रालय
(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 3 अक्तूबर, 1973

संख्या 34-1/73-सी०ए०-II—भारत सरकार ने अपने संकल्प संख्या 5-22/67-सी०सी०-II दिनांक 30 दिसम्बर, 1967 के अनुसार स्थापित की हुई भारतीय पटसन विकास परिषद को तत्काल पुनर्गठित करने का निर्णय किया है। पुनर्गठित परिषद् संरचना निम्न प्रकार होगी :—

1. **अध्यक्ष** : भारत सरकार द्वारा मनोनीत किया जाने वाला एक गैर सरकारी व्यक्ति ।

2. **उपाध्यक्ष** : भारत सरकार के कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) का अपर सचिव ।

3. **सदस्य** : (1) निम्नलिखित राज्य सरकारों के कृषि विभाग। का एक-एक प्रतिनिधि सम्बद्ध राज्य सरकार द्वारा नामजद किया जाना है :—

(क) केन्द्रीय तथा
राज्य सरकारों के
प्रतिनिधि

(i) पश्चिम बंगाल
(ii) बिहार
(iii) असम
(iv) उड़ीसा
(v) उत्तर प्रदेश
(vi) आंध्र प्रदेश
(vii) त्रिपुरा ।

(2) योजना आयोग का एक प्रतिनिधि
(3) भारत सरकार के कृषि आयुक्त
(4) पटसन, आयुक्त, वाणिज्य मंत्रालय
(5) परियोजना समन्वयक, पटसन औद्योगिकी प्रयोगशाला, टी-12 रीजेन्ट पार्क, कलकत्ता ।
(6) निदेशक, पटसन औद्योगिकी अनुसंधान प्रयोगशाला, टी-12, रीजेन्ट पार्क, कलकत्ता ।
(7) संयुक्त आयुक्त (विस्तार प्रशिक्षण) अथवा विस्तार निदेशालय के प्रतिनिधि के रूप में फार्म सूचना एकक के निदेशक ।

(ख) उत्पादकों के प्रतिनिधि

निम्नलिखित प्रमुख पटसन उत्पादन राज्यों में से सम्बद्ध राज्य सरकारों द्वारा नामजद किए जाने वाले उत्पादकों का एक-एक प्रतिनिधि—

(i) पश्चिम बंगाल
(ii) बिहार
(iii) असम
(iv) उड़ीसा
(v) उत्तर प्रदेश
(vi) आंध्र प्रदेश

(2) उत्पादकों का एक प्रतिनिधि जिसे भारत सरकार द्वारा नामजद किया जाना है ।

(ग) उद्योगों के प्रतिनिधि

(1) भारतीय पटसन मिल संघ के दो प्रतिनिधि ।
(2) इण्डियन चैम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री के दो प्रतिनिधि ।
(3) बंगाल नैशनल चैम्बर आफ कामर्स का एक प्रतिनिधि ।

(घ) व्यापारियों के प्रतिनिधि

जूट वेलर्स एसोसिएशन कलकत्ता का एक प्रतिनिधि

(ङ) संसद् सदस्य : तीन संसद् सदस्य

(च) परिषद में जिन व्यक्तियों के हितों का प्रतिनिधित्व नहीं हुआ है उनका प्रतिनिधित्व करने के लिये भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अतिरिक्त व्यक्तियों को नामजद किया जाना है ।

(iv) सदस्य सचिव

निदेशक,
पटसन विकास निदेशालय,
कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग)

प्रेक्षक जो परिषद् के सदस्य नहीं होंगे, किन्तु उन्हें परिषद् के विचार विमर्श में उसकी सहायता के लिए समय-समय पर आमंत्रित किया जाएगा ।

(i) अध्यक्ष, राज्य व्यापार निगम
(ii) कृषि मंत्रालय से सम्बद्ध संयुक्त सचिव (वित्त)
(iii) अर्थ तथा सांख्यिकी सलाहकार कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) ।
(iv) कृषि विपणन सलाहकार, कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग)
(v) राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ का एक प्रतिनिधि
(vi) निदेशक, पटसन कृषि अनुसंधान संस्थान, बैरकपुर
(vii) संयुक्त आयुक्त (निर्यात वृद्धि) कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) ।
(viii) अध्यक्ष, राष्ट्रीय बीज निगम
(ix) वनस्पति, सलाहकार, कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग)
(x) अध्यक्ष, भारतीय पटसन निगम
(xi) संयुक्त आयुक्त (सी सी) कृषि विभाग
(xii) उप सचिव (फसल) कृषि विभाग

(2) परिषद् सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करेगी और उसके कार्य निम्नलिखित होंगे :—

(1) केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों द्वारा बनाए गए विकास कार्यक्रमों पर विचार करना, समय समय पर उनकी प्रगति का मूल्यांकन करना और प्रगति को तीव्र करने के लिए सुझाना ।

2. जिसों के विपणन, परिसंस्करण भण्डार तथा उनके परिवहन और उनके व्यापार और मूल्य निर्धारण के मार्ग में आने वाली समस्याओं पर विचार करने और सरकार को उनके संबंध में महत्वपूर्ण सलाह देना ।

3. कार्यक्रम बनाकर अनुसंधान तथा विकास कार्यक्रम में और जिस सम्बन्धी बाजार की जरूरतों के बारे में अनुसंधान एजेंसियों को सलाह देने के विषय में उपयुक्त समन्वय करना ।

4. निर्यात बाजार की जरूरतों पर विचार करना और उपयुक्त सिद्ध होने वाले विकास कार्यक्रमों का समायोजन करना ।

5. अन्य ऐसे कार्य भी संभालना जो जिस के विकास में सहायता देने के लिए समय-समय पर सौंपे जाएं ।

3. भारतीय पटसन विकास परिषद् को अधिकार होगा कि वह विशेष महत्वपूर्ण मामलों पर विचार करने और कृषि विश्व-विद्यालयों तथा अन्य विशेष हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों को विनियुक्त करने के विषय में आवश्यक स्थायी समिति, तकनीकी समिति और तदर्थ समिति स्थापित कर सकती है ।

4. पटसन उत्पादक क्षेत्रों व व्यापार तथा उद्योग के महत्वपूर्ण केन्द्रों में समय-समय पर परिषद् की बैठकें हुआ करेंगी और परिषद् भारत सरकार को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी ।

5. परिषद् का कार्यकाल 31-12-76 तक होगा । संसद सदस्य संसद की सदस्यता से पहले ही परिषद् के सदस्य भी नहीं रह सकेंगे । आवश्यकतानुसार भारत सरकार परिषद् के कार्यकाल को बढ़ा या घटा सकती है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों, केन्द्र शासित राज्य सरकारों, भारत सरकार के मंत्रालयों, योजना आयोग, मंत्रिमण्डल सचिवालय, प्रधान मंत्री सचिवालय, लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय को भेजी जाए ।

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प सार्वजनिक जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

बी० सी० कपूर, अवर सचिव

सहकारिता विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 4 अक्तूबर, 1973

सं० 3-3/68-एम० डब्ल्यू०एस०—भारत सरकार ने अगले तीन वर्षों की अवधि के लिये राष्ट्रीय सहकारी खेती सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन करने का निर्णय किया है । पुनर्गठित बोर्ड की संरचना निम्न प्रकार होगी :—

1. **अध्यक्ष**

सहकारिता के प्रभारी केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री ।

सदस्य

2. सहकारिता मंत्री, असम सरकार ।
3. सहकारित मंत्री, बिहार सरकार ।
4. सहकारिता मंत्री, मध्य प्रदेश सरकार ।
5. सहकारिता मंत्री, तमिल नाडु सरकार ।
6. श्री वी० एचारन, हरिजन कल्याण तथा सामुदायिक विकास मंत्री, केरल सरकार ।
7. श्री नाथूराम अहिरवार, सदस्य, लोक सभा ।
8. श्री एन० आर० चौधरी, सदस्य, राज्य सभा ।
9. श्री राधाकृष्ण, सेक्रेटरी, सोसायटी फार डवैलपिंग, ग्रामदान्स, 223, राउज ऐवेन्यू, नई दिल्ली ।
10. मेजर दलीप सिंह, संयुक्त सहकारी खेती सोसायटी लि०, धोराहरा बुजुर्ग, डाकखाना अलीगंज, जिला लखीम पुरखेड़ी, उत्तर प्रदेश ।
11. श्री बी० एन० पाटिल, अध्यक्ष, नवारी संयुक्त खेती सोसायटी, नवलनगर, पोस्ट नवारी, धुलिया, महाराष्ट्र ।
12. प्रो० पी० आर० चक्रवर्ती, भूतपूर्व संसद सदस्य, 13/23, वैस्टर्न एक्सटेंशन एरिया, नई दिल्ली-5 ।
13. श्री बी० जी० अंगदी, प्रबंध निदेशक, मैसूर राज्य सहकारी खेती सोसायटी परिसंघ लि०, नं० 1 अली अस्कर रोड, बंगलौर ।
14. श्री आनंद मणी बोदरा, सचिव, संयुक्त खेती सहकारी सोसायटी लि०, पलोर (मुरहु), रांची ।
15. श्री बनारसी दास धनजय, अध्यक्ष, संयुक्त सहकारी खेती सोसायटी, गांव तथा डाकखाना डाक्ला, जिला पटियाला ।
16. सरदार सुरजीत सिंह अतवाल एच-35, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-16 ।
17. श्री राम शंकर त्रिपाठी, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ, 14, विधा सभा मार्ग, लखनऊ ।
18. प्रो० वी० एस० व्यास, सदस्य, कृषि मूल्य आयोग, कृषि विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली ।
19. श्री एस० एस० पुरी, संयुक्त सचिव, (कृषि तथा ग्राम विकास), योजना आयोग ।
20. संयुक्त सचिव, भूमि सुधार, कृषि मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली ।

सदस्य-सचिव

21. संयुक्त सचिव, (सी० एण्ड एम०), सहकारिता विभाग ।

2. बोर्ड के विचारार्थ विषय निम्न होंगे :—

(1) सहकारी खेती कार्यक्रम की स्वैच्छिक आधार पर आयोजना करना तथा उसे बढ़ावा देना;

(2) कार्यक्रम में हुई प्रगति का पुनर्विलोकन करना तथा जब कभी आवश्यकता हो, उसमें संशोधन के सुझाव देना;

(3) कार्यक्रम में लोगों का सहयोग प्राप्त करने और उनकी पहल शक्ति तथा नेतृत्व को प्रोत्साहन देने के लिये उपायों का सुझाव देना;

(4) कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिये अपेक्षित कार्मिकों की शिक्षा तथा प्रशिक्षण की व्यवस्था के लिए सुझाव देना;

(5) सहकारी खेती के सम्बन्ध में अध्ययनों के आयोजन तथा अनुसंधान योजनाओं का सुझाव देना;

(6) कार्यक्रम की आवश्यकताओं का आंकन करना और उसके लिये वित्तीय सहायता के प्रतिमान की सिफारिश करना ।

(7) कार्यक्रम के तकनीकी पर्यवेक्षण तथा मार्गदर्शन के प्रश्न का अध्ययन करना और उसके लिये उपयुक्त प्रबन्धों का सुझाव देना ।

(8) कार्यक्रम के कार्यान्वयन के बारे में अंतर-राज्यीय सुधारों तथा अनुभव का समन्वय करना;

(9) राज्य सरकारों और राज्य बोर्डों, यदि आवश्यक हो, को उनकी योजनाएं तथा कार्यक्रम बनाने में सहायता देना;

(10) ऐसे अन्य सम्बन्धित मामलों के बारे में सलाह देना जो बोर्ड के विचारार्थ विषयों के निष्पादन से सम्बन्ध रखते हों ।

3. वह व्यक्ति, जो अपनी पदेन हैसियत अथवा पद विशेष पर होने के कारण बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया हो, यदि उस पद अथवा नियुक्ति जैसी भी स्थिति हो, पर नहीं रहता है तो वह स्वत: ही बोर्ड का सदस्य नहीं रहेगा । सभी आकस्मिक रिक्तियां उस प्राधिकारी अथवा निकाय के परामर्श से भरी जाएंगी, जिसने उस सदस्य, जिसकी जगह खाली हुई है, को नामित किया था ।

आदेश

आदेश है कि इस संकल्प की प्रति सभी संबंधितों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाए ।

के० एन० खन्ना, अतिरिक्त सचिव

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 3 अक्तूबर 1973

शिक्षा

पूर्त धर्मस्व अधिनियम, 1890 के विषय में, और लोरेन्स स्मारक स्कूल (लोवडेल) निधि के विषय में

संख्या एफ० 5-1/73-यू०टी०-2—लारेन्स स्मारक स्कूल (लोवडेल) निधि की स्थापना और अनुरक्षण के लिए पूर्त न्यास के प्रशासन के लिए कार्य कर रहे प्रशासन मंडल के आवेदन पर और उसकी सहमति से, केन्द्रीय सरकार पूर्त धर्मस्व अधिनियम 1890 (1890 का VI) की धारा 5 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, शिक्षा मंत्रालय की अधिसूचना सं० एफ० 19-84/52-जी-आई०, दिनांक 14-8-1952 द्वारा यथासंशोधित, भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय की अधिसूचना सं० 778-ए, दिनांक 19-5-1949 से संबद्ध अनुसूची में निर्धारित योजना में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

अनुसूची-II

खंड 6(1)	(घ) के बाद (छ) एक माता-पिता (च) एक पुराना लारेंसियन बोर्ड जोड़ें
खंड 6(3)	"सचिव किन्तु सदस्य नहीं" हटा दीजिए और "सदस्य-सचिव" जोड़ें ।

एस० एम० एस० चारी, संयुक्त शिक्षा सलाहकार

मध्य रेल

महाप्रबंधक कार्यालय बी० टी० बम्बई

बम्बई दिनांक 1 अक्तूबर 1973

सं० एच० पी० बी०/220/जी/III/डब्ल्यू०—सिविल इंजीनियरी विभाग के श्री एच० डब्ल्यू डिसोजा, स्थानापन्न सहायक इंजीनियर (श्रेणी II) को सहायक इंजीनियर के पद पर उसी विभाग में 9 अगस्त, 1972 से स्थायी किया गया है ।

जी० पी० वारियर, महाप्रबंधक

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 अक्तूबर, 1973

संकल्प

सं० बाढ नियंत्रण 26(1)/73—इस मंत्रालय के संकल्प सं० वि०का० पांच 516(4)/64 दिनांक 27-7-1965 में जिसके द्वारा रेलवे पुलों के नीचे बढ़ते हुए जल मार्गों की व्यवस्था की लागत के मामले पर राज्य सरकारों तथा रेल मंत्रालय के बीच विवादों को हल करने के लिए एक स्थायी समिति का गठन किया गया था, वर्तमान पैरा 4 के लिए निम्नलिखित प्रतिस्थापना की जाए :—

"4. जब भी राज्य सरकार तथा रेल मंत्रालय के बीच कोई मतभेद उत्पन्न हो जाता है तो संबंधित मुख्य अभियंता, क्षेत्रीय रेलवे या राज्य का मुख्य अभियंता रेलवे अथवा राज्य के विचारों को अध्यक्ष, केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग को प्रस्तुत करेगा जिसकी एक प्रति संबंधित रेलवे अथवा राज्य के प्राधिकारी को भेजी जाएगी । तब मामले पर विचार करने के लिए एक बैठक करेंगे । समिति का निर्णय अध्यक्ष, केन्द्रीय जल और विद्युत् आयोग, मुख्य अभियंता, रेलवे तथा संबंधित राज्य के विचारों के आधार पर लिया जाएगा । यदि कोई बहुमत-निर्णय संभव नहीं होता तो अध्यक्ष के निर्णय को समिति का निर्णय समझा जाएगा । इस प्रकार लिये गये निर्णय को मानने के लिए रेलवे तथा राज्य सरकार बाध्य होगी ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प सभी राज्य सरकारों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, प्रधान मंत्री सचिवालय, राष्ट्रपति के निजी सचिव तथा सेना सचिव, संसद् कार्य विभाग, राज्य सभा-लोक सभा सचिवालय, योजना आयोग तथा भारत के नियंत्रक तथा महालेखापाल को भेज दिया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस सामान्य सूचना के लिए इस संकल्प को भारत राजपत्रों में प्रकाशित कर दिया जाए तथा राज्य सरकारों से राज्य के राजपत्र में प्रकाशित करने के लिए आग्रह किया जाए।

बी० एस० बंसल, संयुक्त सचिव

निर्माण और आवास मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 23 अक्तूबर, 1973

संकल्प

सं० 11015(46)/72-ई०डब्ल्यू० 4—**विषय**:- केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के कार्य प्रभारित स्टाफ का कुशलता के अनुसार वर्गीकरण 1973।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के कार्य प्रभारित स्टाफ का कुशलता के अनुसार वर्गीकरण 1973 करने हेतु समिति का गठन करने हेतु इस मंत्रालय के दिनांक 18 मई, 1973 के संकल्प सं० 11015(46)72-ई० डब्ल्यू०-4 के पैरा 3 के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ें :—

"(III) पुर्नवर्गीकरण करने की प्रक्रिया में मानकों की एकरूपता के उचित उपाय सुनिश्चित करने हेतु बढ़ई, बिजली मिस्त्री, वैल्डर, वायरमैन बिजली के खलासी तथा लोहारों जैसे भारत सरकार मुद्रणालय के अन्तर्गत औद्योगिक कर्मचारियों की एक जैसी श्रेणियों का वर्गीकरण का पुनरीक्षण करना"।

(1) आदेश दिया गया कि संकल्प की एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को भेजी जाए।

(2) यह भी आदेश दिया गया कि संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाय।

ए० एन. किदवई, सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 7th November 1973

No. 69-Pres./73.—The President is pleased to award the police Medal for gallantry to the undermentioned officers of the Border Security Force :—

Names and ranks of the officers

Shri Tara Singh,
Constable No. 67411060.
41st Battalion,
Border Security Force.
Shri Pargat Singh,
Constable No. 66411467,
41st Battalion,
Border Security Force.

Statement of services for which the decoration has been awarded.

On the 14th December, 1971, a party of the Border Security Force was deputed to raid a post held by the enemy at Ring Contour in Bugina Bulge in Jammu and Kashmir. The raid party left its base at 0400 hrs. and reached the vicinity of Ring contour by 11.30 hrs. The party engaged one enemy sentry standing in a trench and three nearby bunkers. The enemy retaliated with their automatic weapons and 2 inch mortar and hurled grenades on the raiding party.

